

# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 568 वर्ष 43

राँची, 31 मई, 2021

# मुख्यालय, राँची में दो दिवसीय टीकाकरण शिविर आयोजित

## लगभग 230 से अधिक कर्मियों ने कोरोना का वैक्सीन लिया



आयोजित कैम्प में टीकाकरण का लाभ उठाते सीसीएल कर्मी

झारखण्ड सहित पूरे देश कोरोना महामारी से प्रभावित है। सीसीएल परिवार कोरोना के खिलाफ लड़ाई में निरंतर प्रयासरत है। कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'डिस्पेंसरी' में दो दिवसीय – 07 मई एवं 10 मई, 2021 को टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 45 वर्ष की आयू से ऊपर सीसीएल कर्मियों के लिए वैक्सीन लगाया गया।

इस दो–दिवसीय टीकाकरण कैम्प में लगभग 230 से अधिक कर्मियों सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये को टीका लिया।

वैक्सीनेशन में सीसीएल सीएमएस, प्रभारी, डॉ. डी.के.एल. चौहान, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ अरवींद कुमार, नर्स सनर्थी, कंचन एवं अन्य पारा मेडिकल स्टॉफ का सक्रिय योगदान रहा। साथ ही वैक्सीनेशन के आयोजन में निदेशक तकनीकी (संचालन) के तकनीकी सचिव श्री के.एस. गैवाल का सराहनीय योगदान रहा।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने कर्मियों सहित स्टेकहोल्डर्स से आग्रह किया है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अंतर्गत आने वाले अपने परिवार के योग्य सदस्यों के साथ नजदीकी अस्पताल में कोरोना वैक्सीन का डोज (टीका) अवश्य लें और कोरोना संक्रमण के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने में अपना योगदान दें।

सरकार एवं सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से सीसीएल अपने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल नेतृत्व एवं निदेशकगण के मार्गदर्शन में कोविड–19 से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सा सेवाओं के साथ–साथ विभिन्न माध्यम से जन सेवा कर रहा है।


ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के दो अस्पतालों केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर, रांची एवं केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़ में निरंतर कोरोना संक्रमितो का ईलाज सीसीएल चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग स्वस्थ होकर अपने घर लौट गए हैं। साथ ही 29 अप्रैल को सीसीएल के गांधीनगर, कांके रोड रांची में ही एक और नये कोविड सेन्टर का शुभारंभ किया गया है जो मुख्यतः संदेहात्मक संक्रमित मरीजों (Asymptomatic) के लिए है।

### अप्रैल 2021 में सीसीएल का शानदार प्रदर्शन

## कोरोना (कोविड–19) की दूसरी लहर के बावजूद कोयला उत्पादन और उठाव में अप्रत्याशित वृद्धि

कोविड–19 की दूसरी लहर से मुकाबला करते हुए सीसीएल ने अप्रैल 2021 में कोयला उत्पादन तथा उसके उठाव में भी अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की है। सीसीएल परिवार पूरे संवदेनशीलता, सजगता और समर्पण भाव से कत्तर्व्य का निर्वहन कर रहा है। सीसीएल परिवार द्वारा अप्रैल 2020 के 2.28 मि.टन के मुकाबले इस साल अप्रैल 2021 में 4.84 मि.टन कोयले का उत्पादन और अप्रैल 2020 के 2.96 मि.टन के मुकाबले 6.56 मि. टन कोयले का उठाव भी किया गया। इस प्रकार पहले ही महीने में सीसीएल ने पिछले साल के मुकाबले कोयला उत्पादन (Production) में 133% उसके उठाव (Offtake) में 122% की वृद्धि दर्ज की।

सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद द्वारा सभी एरिया महाप्रबंधक, सीएमएस (सीसीएल), महाप्रबंधक (एसडी एण्ड सीएसआर) तथा अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लगातार वर्चुअल मिटिंग कर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने–कराने तथा राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिल–जुलकर कोरोना के रोकथाम और बचाव के लिए आवश्यक सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया जा रहा है। सीसीएल के सभी निदेशकगण भी इस मुहीम में दिन–रात अपनी–अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।




### कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 25 ऑक्सीजन प्लांट के लिए 35 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा

## झारखंड राज्य में 02 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की स्थापना की जायेगी

भारत सरकार की उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपने अनुषंगी कंपनी के माध्यम से झारखंड राज्य में 02 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट (Oxygen Generation Plant) स्थापित करेगा साथ ही अन्य राज्यों में 23 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किया जायेगा।

सीआईएल झारखंड सहित अन्य राज्य के निवासियों को जीवन रक्षक ऑक्सीजन को सुनिश्चित करने के लिए 35 करोड़ रूपये का निवेश कर रहा है जिसके अंतर्गत 22 अस्पतालों में 25 ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की जायेगी। इनमें से 20 प्लांटों की कुल ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता लगभग 12,700 लीटर प्रति मिनट होगा, वहीं चार प्लांट मिलकर 750 घन मीटर प्रति घंटा ऑक्सीजन का उत्पादन करेंगे। इस प्रकार लगभग 3,328 बेड ऑक्सीजन से सुसज्जित हो जायेंगे। इसके अतिरिक्त एक रिफिल प्लांट भी है।

25 ऑक्सीजन प्लांट में से झारखंड राज्य में 02 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किये जायेंगे जिसमें एक केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, राँची भी शामिल है। गांधीनगर अस्पताल में 700 लीटर प्रति मिनट की क्षमता के साथ 70 बेड को कवर करेगा। दूसरा प्लांट रामगढ़ केन्द्रीय अस्पताल में 500 लीटर प्रति मिनट की क्षमता के साथ 50 बेडों का ऑक्सीजन जरूरत को पूरा करेगा। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2021 में विशेष रूप से कोविड–19 के मद्देनजर 264 करोड़ रूपये का व्यय किया।

### सीसएल अपने स्टेकहोल्डर्स की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध

## कोरोना मरीजों के बेहतर चिकित्सा हेतु सीसीएल ने किया एमओयू

कोविड–19 की दूसरी लहर से मुकाबला करने तथा स्टेकहोल्डर्स को और बेहतर बुनियादी चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद के मागदर्शन में स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सीसीएल परिवार पूरे संवदेनशीलता, सजगता और समर्पण भाव से कत्तर्व्य का निर्वहन कर रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल प्रबंधन अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य के 8 (आठ) जिलों के साथ हाल ही में लगभग 10 करोड़ रूपये का एमओयू किया है जिसमें कुल 6.25 करोड़ रूपया संबंधित जिला को दिया जा चुका है। वर्तमान में कोरोना संक्रमित मरीजों की वृद्धी हुई है और कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिए सीसीएल प्रबंधन निरंतर प्रयासरत है।

सीसीएल के कमांड क्षेत्र में आने वाले सभी जिलों जैसे – रामगढ़ के 130 बेड कोविड केयर सेंटर में पीएसए (PSA) प्लांट स्थापित करने तथा 10 एचएफएनसी (HFNC) के लिए 99 लाख, लातेहार के 12–बेड आईसीयू ऑक्सिजन सप्लाई पाइपलान हेतु 95 लाख, चतरा को सदर अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने इत्यादि के लिए 95 लाख, बोकारो को डिजिटल कोविड सेंटर स्थापित करने, 4 हाईटेक ऑक्सिजन सिलेन्डर युक्त एम्बुलेंस, 4 सैनिटाइजेशन वाहन आदि के लिए 99 लाख, गिरिडीह को 50 बी टाइप, 40 डी टाइप ऑक्सिजन सिलेन्डर आदि के लिए 60 लाख, इसी तरह विभिन्न आवश्यकताओं हेतु पलामू को 50 लाख तथा हजारीबाग को 95 लाख रूपये का एमओयू किया गया है जिससे कि अपने कर्मचारियों तथा वहां के निवासियों को कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से बचाने में मदद मिल सके।

सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल को कोवडि अस्पताल के रूप में कार्य कर रहा है जहॉ पर संक्रमित मरीजों का का निरंतर किया जा रहा है।

## सीसीएल में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया

21 मई को सीसीएल में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। माननीय सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, डॉ अनिल कुमार जैन द्वारा कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनी सहित सीसीएल को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से सभी को आतंकवाद विरोधी दिवस 2021 (।दजप ज्मततवतपेउ क्ंल 2021) का 'शपथ' दिलवाया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, श्री एस.के. श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष वर्चुअल के माध्यम से शपथ कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही क्षेत्रीय कर्मियों ने भी वर्चुअल के माध्यम से शामिल हुये। कार्यक्रम कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये किया गया।

ज्ञातव्य हो कि आतंकवाद वर्तमान परिपेक्ष्य में पूरे विश्व में सबसे बड़ी चुनौती है, इससे निपटने व आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई के लिए जागरूरकता हेतु प्रत्येक वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस (Anti Terrorism Day) मनाया जाता है ।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)